# अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस (26 अगस्त 2023) के उपलक्ष में महाविद्यालय स्तरीय  विभिन्न प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन

**<u>प्रथम दिवस 25 अगस्त 2023</u>**

## राखी मेकिंग प्रतियोगिता

26 अगस्त अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.के. संत के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन किया गया। प्रथम दिवस 25 अगस्त को राखी मेकिंग  एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मकता को प्रदर्शित किया । खुशबू राठौर (बीए द्वितीय वर्ष) ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम , मेघा वर्मा (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा स्थान प्राप्त किया। "जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में चरणों में नारी की विविध रूप" थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में खुशी गुप्ता (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम, खुशबू राठौर (बीए द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा ज्योति कुशवाहा (बीए द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।








**राखी बनाते हुये प्रतिभागी**







**अवलोकन करते हुये निर्णायक**

**राखी मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता**



**खुशबू राठौर (बीए द्वितीय वर्ष)  प्रथम**



**मेघा वर्मा (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय**



**कुसुम केवट (एम.एस. सी. प्रथम सेमेस्टर) तृतीय**

# चित्रकला प्रतियोगिता

## विषयथीम/- "जीवन के विभिन्न चरणों में नारी के विविध रूप "

**दिनांक -25.08.2023**






### चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता




खुशी गुप्ता प्रथम



खुशबू राठौर द्वितीय



ज्योति कुशवाहा तृतीय

## अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस (26 अगस्त 2023) के उपलक्ष में महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन

### द्वितीय दिवस 26 अगस्त 2023

26 अगस्त अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन किया गया।_आयोजन के द्वितीय दिवस 26 अगस्त को डॉ.आकांक्षा राठौर ने विद्यार्थियों को महिला समानता तथा सशक्तिकरण के महत्व को समझाते हुए विभिन्न कानूनों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात "सशक्त नारी: समृद्ध समाज" थीम पर भाषण एवं "निर्भय भारत :सशक्त नारी " थीम पर कविता लेखन तथा गीत गायन प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार ने भाषण सहित स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बीए प्रथम वर्ष के ही प्रियांशु अग्रवाल एवं दीक्षा मिश्रा ने भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । आशीष गुप्ता (बीए प्रथम वर्ष) ने इस मौके पर देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. गीतेश्वरी पांडेय, श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय, श्री शाहबाज खान, सुश्री पूनम धाण्डे एवं श्री विनोद कुमार ने निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई ।कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति संयोजक श्रीमति प्रीति वैश्य ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**डॉ.आकांक्षा राठौर विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों एवं अधिकारों के बारे में समझाते हुए**

# भाषण प्रतियोगिता


**विषय- "सशक्त महिलाएं-समृद्ध समाज " पर अपने विचार रखते हुए विद्यार्थी**



## कविता लेखन एवम् गीत गायन प्रतियोगिता
## विषय - "निर्भय भारत -सशक्त नारी"  पर कविता पाठ करती हुइ छात्राएँ







"स्वरचित कविता"

विषय :- "निर्भय भारत - सशक्त नारी"

आरंभ मुझी से होता है
शक्ति की हर एक ज्वाला का

दुर्गा, काली, सीता माता
इन सभी की मैं परछाई हूँ

कभी कल्पना, कभी अहिल्या
लक्ष्मी बन कर आई हूँ
इतिहासों के इन पन्नों में
नारी मैं कहलाई हूँ।

धिक्कार है उन बेदर्दों पर
नित्य कुकर्म जो करते है।
नारी को वो नारी नहीं
वरन् एक वस्तु समझते हैं।

इन दुःशासन बेदर्दों को
एक अटल सत्य बतलाती हूँ।
अबला कहने की भूल न करना
मैं निर्भय भारत की नारी हूँ
मैं निर्भय भारत की नारी हूँ।

~ विजया लक्ष्मी सिंह
सिकरवार

# पुरुस्कार वितरण




विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार - भाषण एवम् स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम



प्रियांशु अग्रवाल - भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय



दीक्षा मिश्रा भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान



आशीष गुप्ता (बीए प्रथम वर्ष) गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम

**प्रमाण पत्र प्रारूप**



शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(म.प्र.)

अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस
26 अगस्त 2023

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि

श्री/श्रीमती/कु.____________________________________ने अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित ___________ प्रतियोगिता में________स्थान प्राप्त किया/ सहभागिता किया।
हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

प्रीति वैश्य
संयोजक

डॉ. जे.के. संत
प्राचार्य

**E - BANNER**



**FaceBook Link**
[https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=831443385049067&id=100045502399397&mibextid=Nif5oz](https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=831443385049067&id=100045502399397&mibextid=Nif5oz)

**e-News Paper Link** [https://raajdhaninews.com/archives/14496](https://raajdhaninews.com/archives/14496)




**प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता:-**

संयोजक - प्रीति वैश्य
सांस्कृतिक समिति